देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 279 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...
साख पर सवाल



# पेज श्री

देहरादून, शनिवार, 15 फरवरी 2025



मौसम अधिकतम 21.0° न्यूनतम 11.0° | 82924.41 | 2 ट्रंप ने बांग्लादेश के सवाल को टाला | 7 केएल राहुल को खिलाना चाहिए

# हमारी दोस्ती सबसे अच्छी: पीएम

## ट्रंप के साथ बैठक में पीएम मोदी ने कई डील फाइनल की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय अमेरिकी यात्रा बेहद खास रही। ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद पहली बार पीएम मोदी ने उनसे मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार तड़के डोनाल्ड ट्रंप के साथ एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की। पीएम ने खालिस्तान, अवैध प्रवासी भारतीय समेत कई मुद्दों पर चर्चा की।

शुक्रवार को राष्ट्रपति ट्रंप ने पीएम मोदी को एक खास गिफ्ट भेंट की है। राष्ट्रपति ट्रंप ने पीएम मोदी को एक किताब भेंट की है। इस किताब में राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी के साथ–साथ के सफर को दर्शाती है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि दोनों नेताओं ने यह भी घोषणा की कि भारत और अमेरिका ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार के लिए 500 बिलियन डॉलर यानी 43 लाख करोड़ से ज्यादा के कारोबार का लक्ष्य रखा है।

पीएम ने कहा कि हमने अपने द्विपक्षीय व्यापार को दोगुने से अधिक बढ़ाने का लक्ष्य भी रखा है, जो 2030 तक 500 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। हमारी टीमें बहुत जल्द ही इस लाभकारी व्यापार को अंतिम रूप देने पर काम करेंगी।

साझा प्रेस क्रांफ्रेंस में बोले पीएम मोदी कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और अमेरिका एक साथ खड़े रहेंगे। हम इस बात पर सहमत हैं कि सीमा पार आतंकवाद के उन्मूलन के लिए ठोस कार्रवाई आवश्यक है। मैं राष्ट्रपति का आभारी हूं कि उन्होंने 2008 में भारत में नरसंहार करने वाले अपराधी को अब भारत के हवाले करने का निर्णय किया है। भारत की अदालतें उसके खिलाफ उचित कार्रवाई करेंगी।

ट्रंप ने कहा दुनिया के सबसे पुराने और सबसे बड़े लोकतंत्र अमेरिका और भारत के बीच एक विशेष बंधन है। पीएम और मैं संबंधों को और मजबूत करने के लिए रूपरेखा की घोषणा कर रहे हैं।



### एमएजीए-एमआईजीए साझेदारी का जिक्र

पीएम मोदी ने ट्रंप के मेक अमेरिका ग्रेट अगेन की तरह 'मेक इंडिया ग्रेट अगेन' का नारा का जिक्र किया। उन्होंने ट्रंप के सामने मेक अमेरिका ग्रेट अगेन के भारत के विजन के बारे में बताया। पीएम मोदी के मुताबिक, 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन और 'मेक इंडिया ग्रेट अगेन का साझा विजन समृद्धि के लिए एक मेगा साझेदारी बन जाता है। पीएम मोदी ने कहा, भारत के लोग भी अपनी विरासत और विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं क्योंकि वो तेजी से और दृढ़ संकल्प के साथ 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं।

### ट्रंप ने पीएम मोदी को गिफ्ट में दी किताब

अवर जर्नी टुगेदर नाम की इस किताब में हाउडी मोदी और नमस्ते ट्रंप के कुछ पलों की झलकियों की तस्वीर दिख रही है। ट्रंप ने किताब पर हस्ताक्षर करते हुए लिखा, मिस्टर प्राइम मिनिस्टर, आप महान हैं।
बता दें कि ट्रंप ने पीएम मोदी की स्वागत में कोई कमी नहीं छोड़ी। दोनों नेताओं ने भारत–अमेरिका संबंध को मजबूत बनाने पर काफी चर्चा की। भारत और अमेरिका के संबंध कैसे बेहतर हों, इसपर चर्चा हुई।
हाउडी मोदी रैली साल 2019 में ह्यूस्टन के फुटबॉल स्टेडियम में हुई थी, जिसमें 50,000 से अधिक भारतीय–अमेरिकियों की भीड़ उमड़ी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका से 119 भारतीय होंगे डिपोर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** नई दिल्ली। अमेरिका से डिपोर्ट किए गए 119 भारतीय प्रवासियों को लेकर दो फ्लाइट 15 और 16 फरवरी को अमृतसर के गुरु राम दास इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंड करेगी। अधिकारियों ने बताया कि दोनों फ्लाइट सुबह 10: 05 बजे लैंड करेंगी।
इन डिपोर्ट प्रवासियों में सबसे अधिक लोग पंजाब के हैं। इनमें पंजाब के 67, हरियाणा के 33, गुजरात के 8, उत्तर प्रदेश के 3, महाराष्ट्र के 2, गोवा के 2, राजस्थान के 2 और हिमाचल प्रदेश व जम्मू–कश्मीर के एक–एक लोग हैं।

### भारत और बांग्लादेश की हाई लेवल मीटिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** नई दिल्ली। भारत और बांग्लादेश के बॉर्डर फोर्स के बीच अगले हफ्ते द्विवार्षिक चर्चा होने वाली है। 17 से 20 फरवरी तक 55वें डायरेक्टर जनरल लेवल बॉर्डर को–ऑर्डिनेशन कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा।

# हम 2036 में ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयार

## राष्ट्रीय खेलों के समापन समारोह में बोले अमित शाह

**संवाददाता**

हल्द्वानी। अमित शाह ने अपने संबोधन में 2036 में ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी का जिक्र करते हुए कहा, ''मैं आज यह कह सकता हूं कि खेलों में भारत का भविष्य बहुत उज्ज्वल है। हम 2036 में ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयार हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शाह को स्मृति चिन्ह, शॉल और गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया।

अमित शाह ने यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर में आयोजित समारोह में कहा, ''देव भूमि न केवल राष्ट्रीय खेलों के कारण, बल्कि खेलों में अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन और खेलों की सफल मेजबानी के कारण खेल भूमि में बदल गई है। उन्होंने कहा, '' मैंने यहां देखा कि राष्ट्रीय खेलों के दौरान बनाए गए कुछ रिकॉर्ड अंतरराष्ट्रीय स्तर के हैं। '' उन्होंने कहा, मैं उत्तराखंड की आयोजन समिति का हृदय पूर्वक अभिनंदन करना चाहता हूं। हार से निराश न होना ही खेल का संदेश है। जो खिलाड़ी जीते हैं और जो हारे हैं, मैं उन्हें अनंत शुभकामनाएं देता हूं। खिलाड़ियों लिए मेघालय में एक और मौका है। अगली बार मेडल लेकर आइए। कई खेलों में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बने हैं। प्रधानमंत्री मोदी के आने के बाद खेल के वातावरण में बहुत बड़ा बदलाव आया है।

...विस्तृत खबर पेज 8 पर

### सिर्फ देवभूमि नहीं बल्कि खेलभूमि भी: खेल मंत्री

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा, उत्तराखंड ने देश को बताया है कि यह सिर्फ देवभूमि नहीं बल्कि खेलभूमि भी है। राज्य ने सुनिश्चित किया कि खेलों के दौरान किसी भी खिलाडी को कोई कठिनाई न हो। यह भारत के खेल केंद्र बनने की शुरुआत है। आयोजन स्थल की क्षमता 25,000 है और यह समारोह के लिए खचाखच भरा हुआ था। मांडविया ने कहा, ''यह 2036 तक भारत के ओलंपिक खेलों में शीर्ष 10 देशों में शामिल होने की शुरुआत है। देश में अब एक खेल पारिस्थितिकी तंत्र है। यह खेल सहित हर पहलू में आगे बढ़ रहा है।'

# पीएम मोदी के अमेरिका दौरे पर कांग्रेस में फूटा मतभेद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया अमेरिका दौरे ने न केवल वैश्विक राजनीति में हलचल मचाई, बल्कि भारतीय राजनीति के भीतर भी दरारें उजागर कर दीं। जहां राहुल गांधी और जयराम रमेश जैसे कांग्रेस नेता इस दौरे की आलोचना करने में जुटे रहे, वहीं कांग्रेस के ही वरिष्ठ सांसद शशि थरूर ने पीएम मोदी की जमकर तारीफ कर दी।

शशि थरूर ने पीएम मोदी की राजनयिक क्षमता और सौदेबाजी की कला की प्रशंसा करते हुए कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खुद को दुनिया का सबसे बड़ा "नेगोशिएटर" मानते हैं। लेकिन जब उन्होंने साझा बयान में कहा कि पीएम मोदी उनसे भी बड़े सौदेबाज हैं, तो यह भारत के लिए बड़ी उपलब्धि है। थरूर ने अमेरिका द्वारा भारत को एफ–35 फाइटर जेट बेचने की सहमति को एक ऐतिहासिक कूटनीतिक सफलता बताया।

### मतभेद

■कांग्रेस में मतभेद, थरूर का रुख पार्टी लाइन से अलग

### राहुल गांधी का तंज

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी अमेरिका में भी गौतम अडानी के बचाव में लगे रहे। दरअसल, अमेरिका में पीएम मोदी से गौतम अडानी को लेकर एक सवाल पूछा गया था। इस पर मोदी ने जवाब दिया कि यह मंच द्विपक्षीय रिश्तों पर केंद्रित है और किसी व्यक्ति विशेष पर सवाल नहीं पूछे जाने चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी विदेश में भी अडानी के बचाव में लगे रहते हैं।


**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# चुनौतियों को मात देकर खेल शक्ति बनकर उभरा उत्तराखंड

■आप पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का हमला

**संवाददाता**

देहरादून। नौ स्थानों पर 18 दिनों तक चले राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन के जरिए, उत्तराखंड खेल परिदृश्य में प्रमुख शक्ति बनकर उभरा है। उत्तराखंड ना सिर्फ पदक तालिका में अपनी रैंकिंग सुधारने में कामयाब रहा, बल्कि पूरे आयोजन को अनुशासित तरीके से सम्पन्न कराने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने भी अपनी क्षमता का परिचय दिया है।

उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों को हरी झंडी 9 अक्तूबर को मिल पाई, इस तरह 28 जनवरी से राष्ट्रीय खेल शुरू करने के लिए राज्य सरकार को महज साढ़े तीन महीने का ही समय मिल पाया। कम समय को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तुरंत ग्राउंड जीरो पर उतरे, राज्य के सामने दूसरी चुनौती यह थी कि इस बार खेल प्रतियोगिताएं नौ शहरों में आयोजित की जा रही थी। जिसमें पिथौरागढ़, टिहरी जैसे पहाड़ी जिले भी शामिल थे।

## न्यूज डायरी



### डोनाल्ड ट्रंप ने बांग्लादेश पर पूछे गये सवाल को टाला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बांग्लादेश के मुद्दे पर सवाल को टाल दिया है। जो भारत के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। इसके अलावा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को वाइट हाउस में बांग्लादेश में चल रहे संकट में अमेरिकी सरकार की किसी भी भूमिका से इनकार कर दिया है। राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने हिंदुओं पर हो रही हिंसा को लेकर बयान दिया था, जिसके बाद भारत में लोगों की उम्मीद जगी थी कि उनके राष्ट्रपति बनने के बाद वो बांग्लादेश में हस्तक्षेप कर सकते हैं। लेकिन उन्होंने ऐसा करने से इनकार कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जब ट्रंप से बांग्लादेश को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि, मैं बांग्लादेश को प्रधानमंत्री मोदी पर छोड़ता हूं। पिछले साल अगस्त में शेख हसीना की सरकार के पतन के बाद भारत और बांग्लादेश के संबंध काफी खराब हो गये हैं। देश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस एक के बाद एक भारत विरोधी फैसले ले रहे हैं। वहीं शेख हसीना भारत में हैं और बांग्लादेश की अंतरिम सरकार लगातार उनके प्रत्यर्पण के लिए प्रेशर बनाने की कोशिश कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमेरिका दौरे के दौरान एक्सपर्ट्स मानना था कि बांग्लादेश को लेकर दोनों नेताओं में बातचीत हो सकती है। लेकिन ऐसा नहीं हुआ है।

### तुर्की और पाकिस्तान का दोस्त अब स्कूलों में पढ़ाएगा यहूदियों से भाईचारा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बाकू। अजरबैजान ने एंटीसेमेटिज्म (यहूदी–विरोधी) की परिभाषा को अपने स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने का फैसला किया है। ऐसा करने वाला वह दुनिया का पहला मुस्लिम–बहुल देश बन गया है, जो उसकी महत्वपूर्ण प्रगति को दिखाता है। स्कूली शिक्षा में शांति और सांस्कृतिक सहिष्णुता के लिए निगरानी संस्थान की प्रकाशित रिपोर्ट से इस बारे में पता चलता है। यह रिपोर्ट मध्य एशियाई पाठ्यक्रमों पर तीन–भाग की शृंखला का हिस्सा है। इसमे उजबेकिस्तान और कजाकिस्तान की भी जांच की गई है। अजरबैजान का ऐसा करना इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके संबंध तुर्की के एर्दोगन शासन और पाकिस्तान के साथ बहुत अच्छे हैं। रिपोर्ट में स्कूली पाठ्यक्रम के अंदर यहूदियों और इजरायल के सकारात्मक चित्रण को लेकर प्रकाश डाला गया है। पाठ्यक्रम में होलोकॉस्ट के दौरान 60 लाख यहूदियों के नरसंहार के रूप में मान्यता दी गई है। साल 2024–25 के शैक्षणिक सत्र में पाठ्यक्रम में एक महत्वपूर्ण अपडेट हुआ है, जिसके तहत इजरायल विरोधी पाठ्य को हटा दिया गया है। इसके साथ ही इसमें इजरायल–फिलिस्तीन संघर्ष के बारे में अधिक संतुलित दृष्टिकोण पेश किया गया है। अच्छी बात यह है कि पाठ्यपुस्तकों में कट्टरपंथ या इस्लामवादी कट्टर बयानबाजी के संकेत नहीं है।

### आतंकवाद पर एक साथ आए भारत और अमेरिका, टेंशन में शहबाज शरीफ!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पीएम मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की वाइट हाउस में मुलाकात हुई है। इस दौराना दोनों नेताओं की तरफ से जारी ज्वाइंट स्टेटमेंट में नाम लेकर पाकिस्तान को आतंकवाद पर सख्त चेतावनी दी गई है। इस दौरान दोनों देशों ने कई सौदों पर बातचीत की है, जिसमें कच्चा तेल, डिफेंस, ऊर्जा और गैस जैसे क्षेत्र शामिल हैं। इसके अलावा दोनों देशों ने रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए भी सहयोग को बढ़ाने का फैसला किया है। बैठक के दौरान, अमेरिका ने भारत को एक एफ–35 लड़ाकू विमान देने पर भी सहमति जताई जो उसे चीन का मुकाबला करने में मदद करेगा। दोनों नेताओं की तरफ से जारी ज्वाइंट स्टेटमेंट में कहा गया है कि सीमा पार आतंकवाद पर लगाम लगाने की जिम्मेदारी पाकिस्तान की है।

# भारत को पसंद नहीं आया चीन से सीमा विवाद पर ट्रंप का ऑफर

**रिपोर्ट**

## चीन के साथ द्विपक्षीय ढंग से ही मुद्दे सुलझाए जाएंगेः भारत

मैं सीमा पर झड़पें देखता हूं, जो काफी क्रूर हैंः राष्ट्रपति ट्रंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वाशिंगटन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच कई मुद्दों पर चर्चा हुआ, जिसमें चीन का मुद्दा भी था। पिछले कई सालों से चीन लगातार अपने विस्तारवादी नीतियों से भारत के लिए चिंता खड़ी कर रहा है।

डोकलाम विवाद की वजह से भारत और चीन के बीच के बीच रिश्तों में काफी दरार आ चुकी थी। भले ही चीन ने सीमा विवाद और सैन्य गतिरोध को सुलझाने के लिए कई अहम फैसले लिए, लेकिन ड्रैगन पर पूरी तरह भरोसा करना भारत के लिए सही नहीं है।

इसी बीच ट्रंप ने पीएम मोदी से चीन और भारत के बीच सीमा विवाद को सुलझाने की पेशकश की है। हालांकि, भारत ने कहा कि वो द्विपक्षीय तरीके से ही इस मामले को सुलझाने में दिलचस्पी रखते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि दोनों देशों के बीच सैन्य झड़पें काफी हिंसक थीं और वह मदद करना चाहेंगे।



पिछले महीने ट्रंप ने कहा था, मैं भारत को देखता हूं, मैं सीमा पर झड़पें देखता हूं, जो काफी क्रूर हैं, और मुझे लगता है कि वे जारी रहेंगी। अगर मैं मदद कर सकता हूं, तो मुझे मदद करना अच्छा लगेगा क्योंकि इसे रोका जाना चाहिए। यह लंबे समय से चल रहा है और यह काफी हिंसक है।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा है कि हमारे किसी भी पड़ोसी के साथ हमारे जो भी मुद्दे हैं, हमने इन मुद्दों से निपटने के लिए हमेशा द्विपक्षीय दृष्टिकोण अपनाया है। बताते चलें कि ट्रंप ने भारत–पाकिस्तान के रिश्तों को भी सुधारने की पेशकश की थी। इसपर भी भारत ने उनसे कहा था कि द्विपक्षीय तरीके से हम ऐसे मुद्दों को सुलझाने में सक्षम हैं।

बता दें कि ट्रंप ने एलान किया है कि वो गाजा पर अमेरिकी सेना भेजेंगा। गाजा का फिर से पुनर्विकास किया जाएगा। हालांकि, अमेरिका ने गाजा से फलस्तीनियों को निकालने की बात कही है, जिससे दुनिया में हंगामा मच गया है।

# मेरा उनसे कोई मुकाबला नहींः ट्रंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि पीएम मोदी मुझसे भी सख्त नेगोशिएटर हैं। मेरा उनसे कोई मुकाबला नहीं है। डोनाल्ड ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिका भारत–मध्य पूर्व–यूरोप आर्थिक गलियारे के निर्माण में साथ मिलकर काम करने को तैयार है। ट्रंप ने कहा कि यह मार्ग इटली से अमेरिका तक जाएगा। उन्होंने इसे सबसे बड़े व्यापार मार्गों में से एक बताया। पीएम मोदी के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब डोनाल्ड ट्रंप से पूछा गया कि आप दोनों में से कौन अधिक सख्त नेगोशिएटर है। इस पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी मुझसे कहीं ज्यादा सख्त नेगोशिएटर हैं। वह मुझसे कहीं अधिक बेहतर नेगोशिएटर हैं। मेरा उनसे कोई मुकाबला ही नहीं है।

भारत–मध्य पूर्व–यूरोप आर्थिक गलियारे पर ट्रंप ने कहा कि हम इतिहास के सबसे महान व्यापार मार्गों में से एक को बनाने में मदद करने और मिलकर काम करने पर सहमत हुए हैं। यह आर्थिक गलियारा भारत से इजराइल, इटली और इसके बाद अमेरिका तक जाएगा। यह सभी भागीदार देशों को सड़क, रेल और अंडरसी केबल्स से जोड़ेगा।



पीएम मोदी ने अरबपति मस्क के बच्चों को दिया खास तोहफा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात से पहले पीएम मोदी ने टेस्ला के सीईओ एलन मस्क और उनके परिवार से मुलाकात की। अमेरिकी राष्ट्रपति के अतिथि गृह ब्लेयर हाउस पहुंचने पर स्पेसएक्स के सीईओ के तीन छोटे बच्चे भी उनके साथ थे।बैठक में न्यूरालिंक के निदेशक शिवोन जिलिस भी मौजूद थे। बैठक के दौरान पीएम ने एलन मस्क के तीन बच्चों को किताबें भी भेंट कीं। उन्होंने मस्क के बच्चों को रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा लिखित द क्रिसेंट मून, द ग्रेट आरके नारायण कलेक्शन और पंडित विष्णु शर्मा द्वारा लिखित पंचतंत्र गिफ्ट में दिया। मस्क ने भी पीएम मोदी को एक उपहार दिया।

# चैंपियंस ट्रॉफी से पहले आतंकी हमले से दहला पाकिस्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■बम से उड़ाया ट्रक, 11 की मौत और 6 घायल

क्वेटा। पाकिस्तान में शुक्रवार को एक बड़ा बम धमाका हुआ है। इसमें 11 लोगों की मौत हुई है और छह अन्य घायल हैं। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक धमाका दक्षिण–पश्चिमी पाकिस्तान में हुआ है। एक वाहन में कोयला खनिकों को ले जाया जा रहा था। तभी घात लगाकर वाहन पर धमाका किया गया है। बता दें कि ट्रक से श्रमिकों को बलूचिस्तान प्रांत के हरनई इलाके में मौजूद एक खदान में लाया गया था। पाकिस्तान का बलूचिस्तान प्रांत दशकों से आतंकवाद से जूझ रहा है।

अर्धसैनिक बल के एक अधिकारी ने जानकारी दी कि रिमोट कंट्रोल डिवाइस के माध्यम से कोयला खनिकों के ट्रक को निशाना बनाया गया है। हालांकि अभी तक किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। क्षेत्र के डिप्टी कमिश्नर हजरत वली आगा ने कहा कि बम विस्फोट के समय ट्रक में 17 खनिक सवार थे। स्थानीय अस्पताल के एक डॉक्टर ने कहा कि घायलों में से दो की हालत नाजुक है।

बलूचिस्तान में पिछले कुछ सालों में आतंकी हमलों में काफी इजाफा हुआ है। यह इलाका खनिज संपन्न है। मगर चीन और पाकिस्तान के बढ़ते प्रभाव का बलूच लोग विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि हमारे संसाधनों पर चीन और पाकिस्तान का कब्जा गैर–कानूनी है। यही वजह है कि बलूचिस्तान में चीन के प्रोजेक्ट और नागरिकों को निशाना बनाया जाता है।

पुलिस ने कहा कि कई घायलों की हालत गंभीर है। घटनास्थल पर अधिकारी पहुंच चुके हैं। विस्फोट स्थल को कब्जे में लेने के बाद साक्ष्यों को जुटाया जा रहा है। धमाके में मारे गए और घायल श्रमिक शांगला के पूरन गांव के रहने वाले हैं। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने बताया कि शाहराग में हुए विस्फोट की जांच का आदेश दिया गया है।

### मोदी के अमेरिका दौरा भारत की ताकत का सबूत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दो दिवसीय अमेरिका का दौरा सम्पन्न हो गया है। पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा की पाकिस्तान में खूब चर्चा हो रही है। पाकिस्तानी एक्सपर्ट ने मोदी को अमेरिका के न्योते पर हैरानी जताई है। साजिद तरार ने कहा कि भारत के लिए हालात पूरी तरह से बदल गए हैं। पिछली बार अमेरिकी कोर्ट ने डोभाल के खिलाफ वारंट जारी कर दिया था। इस बार डोभाल खुलकर सामने हैं, जो बताता है कि किस तरह से बदलाव हुआ है। डोभाल ने अमेरिकी की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड से भी मुलाकात की। तरार ने तो यहां तक दावा कर दिया कि अमेरिका ने भारत को खुश करने के लिए अडानी के लिए कानून में बदलाव कर दिया। उन्होंने कहा कि मोदी के रिश्ते ट्रंप के साथ नए नहीं हैं।


Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# शिकायतों के समाधान के बाद अधिकारी आवश्यक लें शिकायतकर्ता से फीडबैक

**निर्देश**

## जिलाधिकारी ने की सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों की समीक्षा

अधिकारियों को समय से शिकायतों के समाधान करने के दिए निर्देश

**संवाददाता**



चमोली। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने शुक्रवार को सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज होने वाली शिकायतों का समय से समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों के समाधान के बाद शिकायतकर्ता से आवश्यक रुप से वार्ता कर शिकायत के समाधान की जानकारी लेने के भी निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक के दौरान आम जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समय से समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा यदि किसी विभाग की ओर से दर्ज शिकायत के समाधान होने की सूचना दिए जाने के बाद शिकायतकर्ता पुनः शिकायत करता है। तो अधिकारी को मामले स्पष्टीकरण देना होगा। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को शिकायत के समाधान के बाद शिकायतकर्ता से नियमित तौर पर फीडबैक कॉल करने के भी निर्देश दिए।

सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज होने वाली पेयजल किल्लत और अन्य शिकायतों के समाधान में तेजी लाने के आदेश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को जिला स्तर पर निस्तारित होने वाली शिकायतों का समय से समाधान करने और शासन स्तर की शिकायतों को समय से उच्चाधिकारी को भेजने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने अपर परियोजना निदेशक को मनरेगा व विधायक निधि से संबंधित कार्यों की शिकायतों की जांच कर निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश ने बताया कि वर्तमान में जनपद में सीएम हेल्पलाइन में एल 1 में 251 और एल 2 में वर्तमान में 42 शिकायत दर्ज की गई है। जिनके समाधान के लिए विभागीय स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। इस मौके पर मुख्य कृषि अधिकारी जेपी तिवारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे।

## न्यूज डायरी

### 18 फरवरी को आयोजित होगा तहसील दिवस

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। आगामी मंगलवार (18 फरवरी) को मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती की अध्यक्षता में बसुकेदार में तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान स्थानीय जनमानस द्वारा दर्ज की जाने वाली विभागीय समस्याओं का यथासंभव मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए तहसीलदार बसुकेदार बीएल शाह ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा जारी किए गए रोस्टर के अनुसार आगामी मंगलवार को तहसील बसुकेदार में तहसील दिवस का आयोजन किया जाना है। उन्होंने बताया कि तहसील प्रांगण बसुकेदार में प्रातः 11 बजे से मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर फरियादियों द्वारा दर्ज की जाने वाली समस्याओं अथवा शिकायतों का यथासंभव मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से निर्धारित समय व स्थान पर आयोजित होने वाले तहसील दिवस में उपस्थित होने की अपील की है।

### यात्राकाल में डायर्वजन और वन–वे ट्रैफिक व्यवस्था की तैयारी

**संवाददाता** ऋषिकेश। चारधाम यात्रा के दौरान तीर्थ यात्रियों को जाम की समस्या से न जूझना पड़े, इसके लिए पुलिस–प्रशासन की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। डायर्वजन से लेकर वन–वे ट्रैफिक की व्यवस्था को लेकर कारगर प्लान बनाने पर मंथन शुरू कर दिया गया है। ऋषिकेश में ट्रैफिक का दबाव बढ़ने पर फिर से रायवाला स्थित नेपालीफार्म से भानियावाला रानीपोखरी–ऋषिकेश डावर्जन प्लान को लागू भी किया जा सकता है। ट्रैफिक की समस्या से निपटने के लिए पुलिस ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं।

### एनएसडीसी ने कौशल विकास क्षेत्र के विस्तार में बड़ा कदम उठाया

**संवाददाता** देहरादून। एनएसडीसी ने पूरे भारत में स्किलिंग के विस्तार की महत्वपूर्ण घोषणा की है। जिसके तहत कौशल विकास और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने के लिए 50 नए फ्यूचर स्किल्स सेंटर और 10 एनएसडीसी इंटरनेशनल एकेडमी स्थापित करने की योजना है। वार्षिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने संबोधन के दौरान, एनएसडीसी के सीईओ और एनएसडीसी इंटरनेशनल के एमडी वेद मणि तिवारी ने डोमेस्टिक और ग्लोबल जॉब मार्केट के लिए भारतीय युवाओं को स्किल और अपस्किल करने के लिए अपना रोडमैप साझा किया।

# जिलाधिकारी को मानको के अुनसार भुगतान करने के निर्देश

**संवाददाता** चमोली। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी निर्देशों के क्रम में शासन से स्वीकृत वित्तीय वर्ष 2022–23 तथा 2023–24 में चारधाम यात्रा एवं मानसून सत्र में विभिन्न सड़क मार्गो को तत्काल खोले जाने पर व्यय की धनराशि का परीक्षण कराते हुए जिलाधिकारी को मानको के अुनसार भुगतान करने के निर्देश दिए गए थे।

जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि आगामी चारधाम यात्रा यात्रा और मानसून सीजन को देखते हुए विगत वर्षों की पीडब्ल्यूडी एवं पीएमजीएसवाई के विभिन्न खण्डों की देनदारियां 412. 42 लाख की धनराशि अवमुक्त कर दी गयी है। इसी क्रम में राज्य आपदा मोचन निधि मद के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग थराली को 48.70 लाख तथा लोक निर्माण पोखरी को धनराशि 13. 17 लाख, लोक निर्माण विभाग कर्णप्रयाग को 15.42 तथा लोक निर्माण विभाग गौचर को 31.87 व पीएमजीएसवाई कर्णप्रयाग को 189.96 की धनराशि अवमुक्त तथा पीएमजीएसवाई पोखरी 113.30 की धनराशि का भुगतान किया गया।

जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को उपयोग की गयी धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र शीघ्र उपलब्ध कराने के साथ ही साथ ही योजना में दोहराव न हो इस आशय का प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सभी सड़क निर्माणदायी संस्थाओं को अबिलम्ब मोटर मार्गो को खोलने के निर्देश दिए।




परमार्थ निकेतन शिविर, महाकुम्भ में हिन्दी साहित्य भारती सम्मेलन का आयोजन

**संवाददाता** ऋषिकेश। महाकुंभ के पावन अवसर पर, परमार्थ निकेतन शिविर में हिंदी साहित्य को समर्पित एक विशेष सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन का उद्देश्य हिंदी भाषा और साहित्य की महत्ता को समाज में पुनः स्थापित करना है। साथ ही हिंदी साहित्य के इतिहास, उसकी समृद्धि, और उसे आने वाली पीढ़ियों के लिए सहेजने के उपायों पर विचार–विमर्श करना है। सम्मेलन में देशभर से हिंदी के प्रतिष्ठित साहित्यकार, कवि, विचारक, और साहित्य प्रेमी उपस्थित हुए। हिंदी साहित्य भारती सम्मेलन का आयोजन एक अद्वितीय पहल है, जिसका उद्देश्य हिंदी साहित्य को वैश्विक मंच पर पुनः प्रस्थापित करना और हिंदी के योगदान को उभारना है।

# जिलाधिकारी ने हल्दापानी भूस्खलन क्षेत्र के सुधारीकरण कार्य का किया स्थलीय निरीक्षण

**संवाददाता**

चमोली। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने शुक्रवार को गोपेश्वर के हल्दापानी भूस्खलन क्षेत्र के सुधारीकरण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता से निर्माण कार्य की विस्तृत जानकारी ली।

गोपेश्वर के हल्दापानी में हुए भूस्खलन की रोकथाम के लिए राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि से 80 करोड़ 61 लाख 60 हजार की धनराशि से सुधारीकरण कार्य किया गया है। जिसका जिलाधिकारी के साथ ही निर्माण कार्य पूर्णता के निरीक्षण के लिए बनाई गई समिति के सदस्यों अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी

**सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता से निर्माण कार्य की ली जानकारी**

चमोली, अधिशासी अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग, अधिशासी अभियंता उत्तराखंड पेयजल निगम और आपदा प्रबंधन अधिकारी ने स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने समिति के तकनीकी विशेषज्ञों से निर्माण कार्य की जांच कर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने उप जिलाधिकारी को स्थानीय लोगों का फीड बैक लेने के भी निर्देश दिए।

सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता अरविंद नेगी ने कहा कि भूस्खलन क्षेत्र का सुधारीकरण कार्य 80 करोड़ 61 लाख 60 हजार की लागत से किया गया है। उन्होंने बताया कि सुधारीकरण कार्य के बाद क्षेत्र में हो रहे भूधंसाव की स्थिति को देखने के लिए क्रैकोमीटर लगाए गए थे। जो मानसून के सीजन के बाद भी सुरक्षित हैं। साथ ही सुधारीकरण कार्य से क्षतिग्रस्त हुए चमोली–गोपेश्वर मार्ग व नालियों के सुधारीकरण के लिए लोनिवि एनएच को 12 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है। जिससे शीघ्र ही सुधारीकरण कार्य से क्षतिग्रस्त सड़क व नालियों का सुधारीकरण कार्य भी किया जाएगा।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, उपजिलाधिकारी राजकुमार पांडेय, आपदा प्रबंधन अधिकारी नंद किशोर जोशी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### मोरी में एक लाख की चरस बरामद की

**संवाददाता** हरिद्वार। मोरी पुलिस ने 425 ग्राम चरस की तस्करी करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। बरामद चरस की कीमत करीब एक लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मोरी थाना में दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस ऐक्ट में मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस टीम ने थानाध्यक्ष मोरी रणवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में शुक्रवार सुबह चेकिंग के दौरान मोरी बाजार से 30 वर्षीय वंश राजपूत निवासी बिजनौर यूपी और 25 वर्षीय आयुष शर्मा निवासी पटेलनगर देहरादून को चरस का परिवहन करते हुए मोरी में गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में अनिल तोमर, अरविन्द, नितेश बिजल्वाण, चन्द्रपाल थे।

*100 बार असफलता प्राप्त करने के बाद भी जो इंसान प्रयास करता रहता है उसे सफलता अवश्य मिलती है।–अज्ञात*



विचार-प्रवाह देहरादून, शनिवार, 15 फरवरी 2025

पेज थ्री
www.page3news.in

# साख पर सवाल

**अरविंद केजरीवाल ईमानदारी और सादगी के पोस्टर बॉय बनकर उभरे थे। लेकिन हाल के दिनों में न केवल केजरीवाल की उस साख पर चोट लगी बल्कि वैकल्पिक राजनीति का पार्टी का दावा भी कमजोर पड़ा।**

रहीस सिंह।।

दिल्ली विधानसभा चुनावों के नतीजों ने जहां बीजेपी के लिए खुशियों का कमल खिला दिया है, वहीं शून्य का हैट्रिक लगाने वाली कांग्रेस को भी आप की हार सुनिश्चित करने का संतोष मिला है। लेकिन जो बात इन चुनाव नतीजों को ऐतिहासिक बनाती है, वह है आंदोलन से निकली पार्टी आप का हश्र। उसकी इस हार के विपक्षी ब्लॉक इंडिया पर पड़ने वाले गंभीर असर से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

वैसे, लोकतंत्र में किसी पार्टी के लिए चुनाव हारकर सत्ता से बाहर होना कोई अनोखी बात नहीं है। फिर यह भी है कि लगातार दो चुनावों में विपक्ष का लगभग सफाया कर देने वाली आम आदमी पार्टी भले ही सत्ता से बाहर हो गई हो, लेकिन 43.57 प्रतिशत वोट उसे इस बार भी मिले हैं। 22 विधायक भी निर्वाचित हुए हैं उसके। यानी मजबूत विपक्ष की भूमिका में वह अब भी बनी रहेगी। फिर भी इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि इन नतीजों के बाद पार्टी अब तक के अपने सबसे मुश्किल दौर में आ गई है।



आंदोलन से निकली इस पार्टी की ताकत यह थी कि इसने वैकल्पिक राजनीति के सपनों को पंख दिए थे। इसके सबसे बड़े नेता अरविंद केजरीवाल ईमानदारी और सादगी के पोस्टर बॉय बनकर उभरे थे। लेकिन हाल के दिनों में न केवल केजरीवाल की उस साख पर चोट लगी बल्कि वैकल्पिक राजनीति का पार्टी का दावा भी कमजोर पड़ा।

पार्टी के केंद्र में हमेशा से केजरीवाल ही रहे। पूरी पार्टी को एकजुट रखने वाले सबसे मजबूत फैक्टर भी वही थे। अब न केवल दिल्ली की सत्ता उनके हाथ से चली गई है बल्कि वह खुद अपना चुनाव भी हार गए। उन पर कई मुकदमे भी चल रहे हैं। ऐसे में पार्टी के बिखराव का खतरा मंडरा रहा है। देखना होगा कि पार्टी इस खतरे से कैसे निपटती है।

दिल्ली के इन चुनावों में जिस तरह से आप और कांग्रेस आमने–सामने दिखी और विपक्षी गठबंधन के कई प्रमुख घटक दल आप का स्पष्ट रूप से पक्ष लेते दिखे, उसके बाद इस विवाद का बढ़ना लगभग तय है। जम्मू–कश्मीर के मुख्यमंत्री के उस ट्वीट से यह और स्पष्ट हो गया जिसमें उन्होंने दोनों पार्टियों पर तंज कसते हुए कहा था– और लड़ो आपस में। देखना होगा कि विपक्षी खेमे का यह विवाद कितना आगे बढ़ता है और गठबंधन इससे कैसे निपटता है।

## सजीव चित्रण

धर्म-दर्शन



**अशोक वोहरा।** नर्मदा जयंती पूरी नर्मदा पट्टी में उत्साह, उल्लास और आस्थापूर्वक मनायी जाती है। नर्मदा स्नान के लिए जाते पद यात्रियों और बैलगाड़ियों में सवार आबाल वृद्ध नर–नारियों के कंठों से बहती आस्था की सरिता के सुर लोकमान्यताओं का सजीव चित्रण प्रस्तुत करते हैं। यहाँ गाए जाने वाले लोकगीतों को बम्बुलियां कहा जाता है– 'नरबदा मैय्या ऐसे मिली रे,' 'जैसे मिल गए मताई और बाप रे' यह भावनात्मक नाता है नर्मदा और उसके भक्तों का। आलेख के आरंभ में भारत की जिन सात पवित्रतम सरिताओं का उल्लेख है, वे और कुछ अन्य नदियाँ– ताप्ती, महानदी, कृष्णा, बेतवा, क्षिप्रा आदि को भी पूज्य माना जाता है।

## संपादकीय

### बच्चों के लिए शिक्षा

शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत, भीख माँगने वाले बच्चों को स्कूलों में दाखिला दिलाएँ और सुनिश्चित करें कि उन्हें खाना, कपड़े और सहायता मिले। भिखारी बच्चों के माता–पिता को लक्षित करके विशेष जागरूकता अभियान चलाकर, विशेष रूप से शहरी मलिन बस्तियों में, स्कूलों में नामांकन बढ़ाया जा सकता है। भिक्षा के बजाय पुनर्वास कार्यक्रमों में दान को प्रोत्साहित करने के लिए जागरूकता बढ़ाने वाले कार्यक्रम आयोजित करें। हैदराबाद जैसे शहरों में लोगों को भिखारियों के बजाय सरकारी आश्रयों में दान देने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सफल अभियान चलाए गए हैं। भीख माँगना भारत में व्यवस्थित उपेक्षा और संगठित शोषण का एक लक्षण है, न कि केवल गरीबी का प्रतिबिंब। हालाँकि बॉम्बे प्रिवेंशन ऑफ बेगिंग एक्ट, 1959 जैसे कानून ने इस प्रथा को रोकने का प्रयास किया है, लेकिन यह अक्सर अपराधियों के बजाय पीड़ितों को अपराधी बनाता है। जवाबदेही और पुनर्वास पर जोर देते हुए, इंदौर में भिक्षावृत्ति पर प्रतिबंध जैसे साहसिक कदम उम्मीद जगाते हैं। गरीबी के चक्र को समाप्त करने के लिए, सामाजिक सुरक्षा जाल को मजबूत किया जाना चाहिए, समावेशी शिक्षा की गारंटी दी जानी चाहिए और कौशल विकास को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। एक आत्मनिर्भर भारत जहाँ प्रत्येक व्यक्ति देश की उन्नति में सार्थक और सम्मानजनक योगदान देता है, भिक्षावृत्ति विरोधी कानूनों और समुदाय–संचालित पुनर्वास के सख्त प्रवर्तन के माध्यम से प्राप्त किया जाएगा।

बाल भिखारी अभी भी इस समस्या का सबसे परेशान करने वाला हिस्सा है। इस चक्र को तोड़ने के लिए, यह जरूरी है कि इन बच्चों को संरक्षित और शिक्षित किया जाए।

# भीख मांगना धार्मिक दान नहीं

प्रियंका सौरभ।।

भारत में भीख मांगना धार्मिक दान से जटिल सामाजिक–आर्थिक समस्या बन गई है। व्यस्त सड़क पर, हाथ बढ़ाना मदद के लिए पुकार जैसा लग सकता है, लेकिन इसमें अक्सर व्यवस्थित उपेक्षा, संगठित अपराध और शोषण का जाल छिपा होता है। सहानुभूति जीतने के लिए नशीले पदार्थ दिए जाने वाले शिशुओं से लेकर स्कूल से उठाकर सड़कों पर फेंक दिए जाने वाले बच्चों तक, भीख मांगना सिर्फ मदद के लिए पुकार से कहीं ज्यादा है। यह हमारी सामूहिक कमजोरियों की आलोचना है। बाल भिखारी अभी भी इस समस्या का सबसे परेशान करने वाला हिस्सा है। इस चक्र को तोड़ने के लिए, यह जरूरी है कि इन बच्चों को संरक्षित और शिक्षित किया जाए। कमजोर, खघस तौर पर बच्चे और विकलांग लोगों का संगठित भीख मांगने वाले गिरोहों द्वारा फायदा उठाया जाता हैं। भिक्षा देने से जुड़ी प्रथाएँ अक्सर भीख माँगने को बढ़ावा देती हैं। अधिक उद्देश्यपूर्ण दान को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक शिक्षा पहल शुरू करना जरूरी है।



भारत में सार्वजनिक रूप से भीख मांगने की प्रथा मनरेगा और स्माइल जैसे व्यापक कल्याणकारी कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के बाद भी आम है। आंकड़ों के अनुसार, 413 लाख से अधिक लोग अभी भी इस प्रथा में लिप्त हैं, जो दीर्घकालिक गरीबी, कम साक्षरता और सरकारी हस्तक्षेप के बावजूद काम के अवसरों की कमी जैसी अंतर्निहित सामाजिक आर्थिक कमजोरियों को रेखांकित करता है। बड़े बच्चों को भीख मांगना सिखाया जाता है, जबकि शिशुओं को बीमार दिखने के लिए नशीला पदार्थ दिया जाता है। कुछ ने कभी कक्षा में कदम नहीं रखा है और कई ने जल्दी पैसे कमाने के लिए अपने भविष्य को दांव पर लगाकर स्कूल छोड़ दिया है। हाल के आँकड़े बताते हैं कि भारत में स्कूल छोड़ने वाले बच्चे कितने आम हैं, खासकर किशोरों में। वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट 2023 के अनुसार, 18 वर्ष की आयु के 25 प्रतिशत बच्चे बुनियादी पढ़ने के कौशल से जूझते हैं और 32.6 प्रतिशत स्कूल छोड़ देते हैं। विकलांग लोगों का फायदा उठाया जाता है क्योंकि वे भिखारी के तौर पर अधिक पसंद किए जाते हैं।

भारत में 400, 000 से ज्यादा नियमित भिखारी रहते हैंय उनकी दुर्दशा कई तरह के कारकों से उपजी है, जिसमें संगठित भीख मांगने वाले गिरोह, गरीबी, विकलांगता और प्राकृतिक आपदाओं के कारण विस्थापन शामिल हैं समाज के सबसे कमजोर सदस्यों को शिकार बनाकर और लगभग दंड से मुक्त होकर काम करके, इन सिंडिकेट ने गरीबी को एक लाभदायक उद्यम में बदल दिया है। गरीबी, ग्रामीण–शहरी प्रवास और आसानी से सुलभ सहायता नेटवर्क की कमी इन क्षेत्रों में भिखारियों की बढ़ती संख्या में योगदान देने वाले कुछ सामाजिक–आर्थिक कारक हैं। भारत में, कई कल्याणकारी कार्यक्रमों के अस्तित्व के बावजूद भीख मांगने की प्रथा जड़ जमाए बैठी सामाजिक–आर्थिक कमजोरियों के कारण बनी हुई है। ऐसा इसलिए है क्योंकि कल्याणकारी कार्यक्रम अक्सर खराब क्रियान्वयन, भ्रष्टाचार और प्राप्तकर्ताओं के बीच जागरूकता की कमी के कारण विफल हो जाते हैं। स्माइल जैसी योजनाएँ, जो आश्रय और आजीविका सहायता प्रदान करती हैं, कई भिखारियों को अच्छी तरह से ज्ञात नहीं हैं।

### अष्टयोग-5089

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | | 4 | 5 | | 1 |
| | 27 | 7 | 32 | | 34 | |
| 4 | 2 | 1 | | 3 | | 7 |
| | 33 | | 32 | | 31 | |
| 7 | 5 | | 6 | 1 | 2 | 4 |
| | 33 | 5 | 31 | | 34 | |
| | 5 | | 3 | | 7 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 5088 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 2 | 25 | 7 | 32 | 4 | 36 | 2 |
| 1 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 6 |
| 3 | 27 | 6 | 33 | 6 | 39 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 7 |
| 5 | 37 | 5 | 31 | 7 | 30 | 3 |
| 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 1 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### व्यावसायिक प्रशिक्षण

**मोहन।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा अनुशंसित जबरन भीख मांगने को अवैध बनाने के लिए कानून अपनाने से तस्करी और शोषण करने वाले संगठनों पर रोक लगेगी। लोगों को सम्मानजनक नौकरी खोजने या स्वरोजगार के अवसरों का पीछा करने में सक्षम बनाने के लिए, आश्रय गृहों को कौशल–आधारित व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना चाहिए। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना जैसे कार्यक्रम आश्रय गृहों के साथ मिलकर भिखारियों को बढ़ईगीरी, सिलाई या अन्य व्यवसायों में कौशल सिखा सकते हैं जो उनकी योग्यता के अनुकूल हों। आश्रय गृहों में मानसिक स्वास्थ्य परामर्श सेवाएँ और मोबाइल स्वास्थ्य इकाइयाँ प्रदान करें, ताकि अनुपचारित बीमारियों, व्यसन और विकलांगताओं का समाधान किया जा सके।

एनएचआरसी आश्रय गृहों को आयुष्मान भारत लाभों को एकीकृत करने की सलाह देता है, ताकि पुनर्वास से गुजर चुके लोगों के लिए स्वास्थ्य कवरेज की गारंटी दी जा सके।







## विक्की कौशल और विद्युत जामवाल पहुंचे महाकुंभ और संगम में लगाई डुबकी

महाकुंभ को शुरू हुए 32 दिन बीत चुके हैं और देशवासियों के साथ–साथ कई फिल्म सिलेब्रिटीज संगम में डुबकी लगाने पहुंच रहे हैं। हाल ही विद्युत जामवाल ने प्रयागराज पहुंच संगम में डुबकी लगाई और अब विक्की कौशल भी पहुंचे। छावा को लेकर चर्चा बटोर रहे विक्की कौशल सिक्योरिटी के बीच महाकुंभ पहुंचे। इसका वीडियो भी सामने आया है। विक्की कौशल ने प्रयागराज पहुंचने पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वह काफी समय से इंतजार कर रहे थे कि कब महाकुंभ में आने का मौका मिलेगा। अब जब वह आए हैं और महाकुंभ पहुंचे तो खुद को बहुत भाग्यशाली महसूस कर रहे हैं। मालूम हो कि विक्की की छावा 14 फरवरी को रिलीज हो रही है। फिल्म में उनके ऑपोजिट रश्मिका मंदाना हैं। वहीं, विद्युत जामवाल परिवार संग महाकुंभ पहुंचे थे और त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। यहां उन्होंने एक इवेंट में शंभु पंच अग्नि अखाड़े में शंखनाद किया। इसके बाद कहा, श्मेरी मां कुंभ में आने के लिए काफी एक्साइटेड थीं। मेरी बहन भी यहां आना चाहती थीं, जो इसके लिए सीधे लंदन से आई है। हमने दर्शन किए और फिर पूजा की। विद्युत ने बताया कि यहां उन्होंने अखाड़ों में जाकर काफी मस्ती की।

## कन्नप्पा के लिए कितनी फीस ले रहे प्रभास और मोहनलाल

मंचू विष्णु की हाई–बजट स्टार–स्टडेड फिल्म कन्नप्पा एक पौराणिक फिल्म है जिसका फिलहाल पोस्ट प्रोडक्शन चल रहा है। यह फिल्म 25 अप्रैल को दुनिया भर में पांच भाषाओं में स्क्रीन पर आने वाली है। इस फिल्म में जाने–माने एक्टर्स हैं जो टॉलीवुड के अलावा कॉलीवुड, मॉलीवुड और बॉलीवुड में भी अपना दबदबा बनाए हुए हैं। प्रभास के साथ अक्षय कुमार, मोहनलाल, मोहन बाबू और सरथकुमार जैसे कई कलाकार इस फिल्म का हिस्सा हैं। हालांकि, इस बड़े बजट की फिल्म का एक दिलचस्प पहलू यह भी है कि इसे मंचू विष्णु और मोहन बाबू अपने बैनर तले बना रहे हैं। कन्नप्पा को एक पैन इंडिया फिल्म कहा जा रहा है और इसकी 80 प्रतिशत से अधिक शूटिंग न्यूजीलैंड में एक ही शेड्यूल में पूरी की गई थी। फिल्म की शूटिंग के लिए प्रॉप्स, सेट और बाकी चीजों को दूसरे देश में भेजा गया था, जहां सबकुछ नेचुरल तरीके से दिखाने की पूरी कोशिश की गई।

## समय रैना के सपोर्ट में उतरे मुनव्वर फारूकी, अश्लील जोक पर मचा है बवाल





अपने हिट शो इंडियाज गॉट लेटेंट के कारण विवाद में आए समय रैना बड़ी मुश्किल में हैं। इस मुश्किल वक्त में कॉमेडियन मुन्नवर फारूकी ने उनका साथ दिया है। मुनव्वर ने समय रैना को हिम्मत देते हुए कहा कि जितना दबाओगे उतना ऊपर उठेगा। हाल ही उनके शो में रणवीर अल्लाहबादिया आए। उन्होंने पैरेंट्स को लेकर भद्दा और अश्लील कमेंट किया, जिस पर सारा देश उबल पड़ा। जहां बहुत से लोग और यहां तक कि नेता भी समय और रणवीर अल्लाहबादिया के खिलाफ खड़े हो गए, वहीं कुछ सेलेब्स ने समय रैना का सपोर्ट किया है। इन्हीं सेलेब्स में एक नाम बिग बॉस 17 के विनर और कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी का भी है। मुनव्वर, समय रैना के दोस्त भी हैं। मालूम हो कि समय रैना और रणवीर अलाहबादिया समेत 5 लोगों के खिलाफ कई शिकायतें दर्ज की गई हैं। यहां तक कि समय ने यूट्यूब से अपने शो के सारे एपिसोड्स डिलीट कर दिए और सफाई दी। देशभर में समय रैना और रणवीर अल्लाहबादिया के खिलाफ विरोध–प्रदर्शन चल रहे हैं। इसी बीच मुनव्वर ने समय रैना का सपोर्ट करते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, श्समय, कला जो है वो स्प्रिंग की तरह है, जितना दबाओगे, उतना ऊपर उठेगा। मालूम हो कि खुद मुनव्वर फारूकी भी कई बार विवादों में फंस चुके हैं। वह अपने जोक्स के कारण भी निशाने पर रहे।

# प्रियंका चोपड़ा ने रणवीर अल्लाहबादिया की कर दी थी बोलती बंद


*फेमस सिलेब्रिटी यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया इस वक्त समय रैना के शो इंडियाज गॉट लेटेंट को लेकर खबरों में हैं। रणवीर अपने दोस्त यूट्यूबर आशीष चंचलानी, सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर अपूर्व मुखीजा और कॉमेडियन जसप्रीत सिंह के साथ बोनस एपिसोड के लिए टैलेंट शो के जज पैनल में शामिल हुए थे। इसी दौरान रणवीर ने माता–पिता को लेकर कुछ ऐसी भद्दी बातें कह दी कि ये आग की तरह फैल गया। इस पर विवाद इस कदर बढ़ चुका है कि इस शो के अब तक के सारे गेस्ट और जजों के खिलाफ मामला दर्ज हो चुका है और हारकर समय रैना को अपने सारे वीडियोज डिलीट करने पड़े। इन सबके बीच रणवीर और प्रियंका चोपड़ा जोनास का एक पुराना वीडियो अचानक चर्चा में आ गया है। इस वीडियो में प्रियंका चोपड़ा रणवीर अल्लाहबादिया को परिवार के महत्व को लेकर सीख देती दिख रही हैं। प्रियंका उनके सवाल सुनकर उन्हें बीच में ही रोकती हैं और बताती हैं कि उनके लिए परिवार का मतलब क्या होता है।*

**प्रियंका चोपड़ा रणवीर के शो में बतौर गेस्ट शामिल हुई थीं**

करीब दो साल पहले साल 2022 में, देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा रणवीर के फेमस शो में बतौर गेस्ट शामिल हुई थीं । इसी एपिसोड के दौरान, प्रियंका ने अपनी जर्नी, परिवार, कॉन्फिडेंस और सफलता के बारे में बातें की। सोशल मीडिया पर इस वक्त जो खास क्लिप नजर आ रहा है उसमें प्रियंका रणवीर को परिवार के महत्व के बारे में बता रही हैं।

**क्या आप अभी भी फैमिली फंक्शंस वगैरह में जाती हैं?**







एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

वीडियो में रणवीर पीसी से पूछते हैं, क्या आप अभी भी फैमिली फंक्शंस वगैरह में जाती हैं? क्या आप जा सकती हैं? प्रियंका उनकी बातें सुनकर हैरान हो जाती हैं और पूछती हैं कि उनका क्या मतलब है? इसपर यूट्यूबर जवाब देते हुए कहते हैं कि– आप इतनी फेमस हो चुकी हैं कि सोचा नहीं जा सकता।

**प्रियंका ने उन्हें जवाब देकर चुप करा दिया**

इससे पहले कि रणवीर अपनी बात खत्म कर पाते, प्रियंका ने पूछा, तो? आप कह रहे हैं कि मैं अपने भाई की शादी की बारात में डांस नहीं करने जा रही हूं? जब रणवीर ने कहा– शायद तो प्रियंका ने उन्हें जवाब देकर चुप करा दिया और कहा– शायद नहीं भाई, जरूर। मेरे कजिन्स, मेरे भाई... परिवार मेरे लिए सबसे जरूरी है। मेरा फेम मेरे जॉब का बाय प्रॉडक्ट है, ये मुझे डिफाइन नहीं करता। मेरा फेम मेरा जॉब नहीं है, ये बिल्कुल साफ है मेरे लिए। मैं जीने के लिए फेमस नहीं हूं, मैं जीने के लिए काम करती हूं और फेम इसी के साथ आता है। ये ऐसा नहीं है जिसे मैं कंट्रोल कर सकती हूं। ये कुछ ऐसा है जो मेरे ऊपर हावी है।

**लोगों ने कहा- ये किस तरह का सवाल कर रहा?**

इस वीडियो पर रणवीर के सवालों को सुनकर लोग कह रहे हैं– ये बेवकूफाना सवाल है, इनको लग रहा है कि इनके पास सेम फेम है और परिवार के लिए कोई रिस्पेक्ट नहीं। एक ने कहा– इसलिए ये मिस वर्ल्ड रह चुकी हैं, इससे बेहतर क्या जवाब हो सकता है। काफी लोगों ने यही कहा है– ये किस तरह का सवाल कर रहा? कई लोगों ने प्रियंका के इस जवाब को सुनकर कहा है– ये रणवीर के सवाल पर प्रियंका का तमाचा है।

# सिंगर कार्डी बी ने ट्रम्प पर लगाया जूते खराब करने का आरोप



*कार्डी बी ने अमेरिकी राष्ट्रपति पर आरोप लगाए हैं। सिंगर का कहना है कि डोनाल्ड ट्रम्प की वजह से उनका 26 लाख रुपये का जूता खराब हो गया है। कार्डी ने नुकसान की भरपाई के लिए ट्रम्प को एक ऑफर भी दिया है।*

**ट्रम्प के कारण पैदल चलना पड़ा, इसलिए खराब हुए जूते**

ग्रैमी अवॉर्ड जीत चुकीं 32 साल की कार्डी बी ने आगे बताया कि इवेंट के दौरान उन्हें पैदल चलना पड़ा, क्योंकि न्यू ऑरलियन्स में सीजर सुपरडोम में कार्ट सर्विस एक खास जगह के आगे रोक दी गई थी। ऐसा इसलिए किया गया कि वहां डोनाल्ड ट्रम्प थे। लिहाजा सुरक्षा कारणों से किसी भी कार्ट या कार को आगे जाने नहीं दिया जा रहा था। सिंगर ने आगे कहा, ट्रम्प की देखभाल करने वाली सुरक्षा टीम, सीक्रेट सर्विस, वहां श्खेल नहीं रही थी, लेकिन खेल में सभी की मुश्किलें जरूर बढ़ा रही थी।

**कार्डी बी ने ट्रम्प को दिया भरपाई के लिए ये ऑफर**

इंस्टाग्राम लाइव स्ट्रीम के दौरान, कार्डी बी जहां अपने जूतों की हालत के कारण बहुत नाराज थीं, वहीं उन्होंने 78 साल के ट्रम्प को एक ऑफर भी दिया। कार्डी ने कहा, अगर वह चाहें तो मेरे जिन अंकल को डिपोर्ट किया गया है, उन्हें अमेरिका वापस लाकर ट्रम्प बदला चका सकते हैं। पर ठीक है, वह यकीनन ऐसा नहीं करने वाले हैं।

**लोग बोले- इसे भी डिपोर्ट हर दो!**

कार्डी के वायरल हो रहे वीडियो क्लिप पर अब लोग जमकर रिएक्ट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है, वह अपने चाचा को लेकर इतनी नाराज है, पर खाना बंद नहीं कर रही है। एक अन्य ने लिखा, कुछ लोगों की बातें सुनकर संभव है कि आप अपना आपा खो दें। एक तीसरे यूजर ने लिखा, मैं तो कहता हूं कार्डी बी को भी डिपोर्ट कर दो।

**ट्रम्प सरकार ने 104 भारतीयों को भी किया डिपोर्ट**

वैसे, जानकारी के लिए बता दें कि ट्रम्प ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। वह सुपर बाउल में हिस्सा लेने वाले पहले अमेरिकी राष्ट्रपति बन गए हैं। हालांकि, वह दूसरे क्वार्टर के बाद स्टेडियम से चले गए थे। ट्रम्प प्रशासन ने 20 जनवरी को अवैध अप्रवासियों को बड़े पैमाने पर अमेरिका से डिपोर्ट करना शुरू कर दिया है।

# एक तरह की गंदगी है हाई यूरिक एसिड, बढ़ा सकती हैं 2 दाल

*डॉक्टर प्रियंका शेरावत ने बताया कि यूरिक एसिड क्या होता है और इसमें कैसी देखभाल करनी चाहिए। यह एक अपशिष्ट पदार्थ है, जिसकी अधिकता शरीर के लिए खतरनाक होती है। आइए जानते हैं कि यूरिक एसिड ज्यादा क्यों होता है और इसमें क्या खाना चाहिए?*



**यूरिक एसिड क्यों होता है**
डाइट में प्यूरीन की अधिकता या डिहाइड्रेशन होने से यह बीमारी होती है। इसके लिए पानी की कमी ना होने दें और हाई प्यूरीन फूड आइटम से बचें। पानी का इनटेक 2 से 3 लीटर हर दिन रखें।

**प्यूरीन से बनता है यूरिक एसिड**
डॉक्टर प्रियंका ने बताया कि यूरिक एसिड प्यूरीन मेटाबॉलिज्म का एक वेस्ट प्रोडक्ट होता है। खाने की कुछ चीजों में प्यूरीन होता है। इनसे यूरिक एसिड निकलता है तो अगर वो नॉर्मल लेवल पर है तो किडनी निकाल देती है। लेकिन अगर वो खून में एक निश्चित लेवल से ज्यादा हो जाता है। फिर वो किडनी में यूरिक एसिड के स्टोन बना सकता है। ब्लड में ज्यादा होकर जॉइंट इंफ्लेमेशन कर सकता है और गाउट कर सकता है।

**क्या बीमारी होती हैं?**
पैरों के जोड़ों में बहुत ज्यादा इंफ्लामेशन आने की संभावना बन जाती है। जैसे पैर के बड़े वाले अंगूठे में सूजन होना, दर्द होना जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। गाउट और किडनी स्टोन हाई यूरिक एसिड के दो बड़े खतरे हैं।

**इन चीजों में ज्यादा प्यूरीन**
- रेड मीट
- सी फूड
- एल्कोहॉल
- मूंग दाल
- मसूर दाल
- टमाटर के छिलके
- मीठी चीजें
- सोफ्ट ड्रिंक्स

**क्या खाएं?**
हाई यूरिक एसिड में इन चीजों को अधिक ना खाएं। एल्कैलाइन फूड खाने से स्टोन बनने का खतरा कम हो जाएगा, जैसे खीरा, नारियल पानी, केला आदि। डॉक्टर के मुताबिक जिस चीज में पोटैशियम होता है वो एल्कैलाइन होता है।

# शुगर कम करने के घरेलू उपाय, क्या करना होगा?



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*डायबिटीज को मधुमेह कहते हैं, जो एक लाइलाज बीमारी मानी जाती है। इसमें ब्लड शुगर कंट्रोल से बाहर रहने लगता है। रक्त शर्करा में ज्यादा उतार चढ़ाव आने से शरीर को काफी कष्ट झेलने पड़ सकते हैं। इसमें कई सारी दिक्कतें हो सकती हैं, जिन्हें बीमारी के लक्षण माना जाता है।*

**डायबिटीज के लक्षण**
सामान्य से ज्यादा प्यास लगना, ज्यादा पेशाब आना, बिना कारण वजन घटना, पेशाब में कीटोन की मात्रा, थकान–कमजोरी रहना, नजर धुंधली होना, जख्मों का धीमा ठीक होना, मूड में बदलाव आना, आदि। रजिस्टर्ड डाइटिशियन मानसी पडेचिया ब्लड शुगर कंट्रोल करने के तरीके बताए। उन्होंने कहा कि ये तरीके ट्राई कर चुके हैं और मेरे पापा का इनसे शुगर कंट्रोल है। आइए जानते हैं कि उन्होंने कौन से काम करने की सलाह दी।

**रोजाना 45 मिनट तक चलना**
पडेचिया के मुताबिक यह काम करने से उनके पापा के भ्ठ।1ब में सुधार हुआ। चलने और वेट ट्रेनिंग से इंसुलिन सेंसिटिलविटी सुध्ारती है जो ग्लूकोज को सेल्स में जाने में मदद करती है। जहां इसे एनर्जी के लिए इस्तेमाल कर लिया जाता है।

**फास्टिंग ब्लड शुगर महनिटरिंग**
हर महीने के अलावा हर दिन भी ब्लड शुगर मॉनिटर करना



चाहिए। इससे यह पता चलता है कि खाने, दवा और शारीरिक मेहनत करने के बाद आपके शुगर लेवल में क्या अंतर आता है। यह आपकी लाइफस्टाइल और डाइट को बनाने के लिए जरूरी है। जिससे डायबिटीज को मैनेज किया जा सकता है। यह 90–110mg/dL होना चाहिए।

**नारियल या सेब साइडर सिरका**
डाइटिशियन ने पेशेंट्स को नारियल या एप्पल साइडर विनेगर इस्तेमाल करने की सलाह दी। उनके अनुसार यह इंसुलिन संवेदनशीलता में सुधार करने और भोजन करने के बाद ब्लड शुगर को कम करने में मदद करता है।

**लंच से पहले फाइबर**
दोपहर के भोजन से पहले फाइबर लेना चाहिए। इसके लिए सलाद, मेथी के बीज खा सकते हैं। पोर्शन कंट्रोल करने के साथ मेथी के बीज इंसुलिन संवेदनशीलता भी सुधार सकते हैं। मेथी की पत्तियों का इस्तेमाल आप परांठे या सब्जी में भी कर सकते।

**प्रोटीन और वेजिटेबल**
उन्होंने बताया कि उनके पिता भोजन में प्रोटीन और सब्जी खाना कभी नहीं भूलते। यह ब्लड शुगर को खून में धीरे–धीरे जाने में मदद करता है। इसके लिए दाल, चना, चने की टिक्की, दाल चीला खा सकते हैं।

**खाने के बाद टेस्ट**
खाने के बाद भी शुगर लेवल चेक करना चाहिए। यह बहुत जरूरी है। भोजन के 2 घंटे बाद रक्त शर्करा की जांच करने से मॉनिटरिंग करना आशान हो जाता है। इसकी नॉर्मल रेंज 140–160mg/dLहोती है।



## हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने बॉडी इंफ्लेमेशन को लेकर दूर की गलतफहमी

इन्फ्लेमेशन बॉडी का एक नेचुरल रिएक्शन है। जब शरीर पर कोई चोट लगती है या संक्रमण बॉडी में प्रवेश करता है तो की रक्षा करना के लिए इन्फ्लेमेशन होता है, जिसे सामान्य भाषा में सूजन भी कहा जाता है। इसके अलावा इंफ्लेमेशन के बारे में यह भी कहा जाता है कि लंबे समय तक शरीर में सूजन रहने से कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। इसे हार्ट डिजीज, स्ट्रोक, डिमेंशिया और कैंसर सभी को क्रोनिक इन्फ्लेमेशन से जोड़ा गया है, जिससे दुनियाभर में कई लाख जानें जाती हैं। हालांकि इंफ्लेमेशन के बारे में पूरा सच ये नहीं है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट में बताया गया है कि सूजन एक से अधिक प्रकार की होती हैं। एक्यूट इन्फ्लेमेशन अचानक बढ़ती है,कई दिनों से लेकर हफ्तों तक रहती है और फिर चोट या संक्रमण जैसे कारण के कंट्रोल में आने पर शांत हो जाती है। आम तौर पर,तीव्र सूजन एक रिएक्शन है, जो प्रभावित एरिया के हेल्थ को रिस्टोर करने का प्रयास करती है। एक्यूट इन्फ्लेमेशन से क्रोनिक इंफ्लामेशन काफी अलग होती है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के मुताबिक, यह सच है कि अनियंत्रित इंफ्लेमेशन लॉन्ग–टर्म हेल्थ प्रॉब्लम्स में योगदान करती है।

## लाल मिर्च या हरी मिर्च कौन सी है सेहत के लिए फायदेमंद

हरी मिर्च और लाल मिर्च पाउडर दोनों के अपने फायदे और नुकसान हैं। अगर आप सेहत के लिए बेहतर विकल्प चाहते हैं, तो हरी मिर्च को प्राथमिकता दें, क्योंकि यह ताजा और पोषक तत्वों से भरपूर होती है। हालांकि, स्वाद और तीखेपन के लिए संतुलित मात्रा में लाल मिर्च पाउडर का भी उपयोग किया जा सकता है। भारतीय खाने में मिर्च का अहम स्थान है। यह न सिर्फ स्वाद को बढ़ाती है बल्कि सेहत के लिए भी कई तरह से फायदेमंद होती है। आमतौर पर हरी मिर्च और लाल मिर्च दोनों का इस्तेमाल हर रसोई में होता है, लेकिन अक्सर यह सवाल उठता है कि सेहत के लिहाज से इनमें से कौन बेहतर है? कुछ लोग ताजगी और तीखेपन के लिए हरी मिर्च पसंद करते हैं, तो कुछ को लाल मिर्च पाउडर की गहराई और रंग पसंद आता है। हरी और लाल मिर्च दोनों में पोषक तत्व होते हैं, लेकिन इनके गुण और असर अलग–अलग होते हैं। एक रिसर्च के मुताबिक हरी मिर्च एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होती है और इसमें कैलोरी कम होती है, जो इसे वजन घटाने वालों के लिए अच्छा विकल्प बनाती है।

## आप हमेशा यंग दिखने के लिए करें सिर्फ 10 मिनट की स्ट्रेचिंग



योगा एक्सपर्ट शिवा पांडे , शिवा स्टाइल फिटनेस, नई दिल्ली के अनुसार, रोज सुबह अगर 10 मिनट का स्ट्रेचिंग सेशन किया जाए तो बॉडी को फिट और एक्टिव रखा जा सकता है। स्ट्रेचिंग करने से शरीर में लचीलापन बढ़ता है और ब्लड फ्लो बेहतर होता है जिससे शरीर के हर हिस्से में ऑक्सीजन पहुंच पाती है। स्ट्रेचिंग करने से मानसिक तनाव और थकान भी दूर होती है। नेक स्ट्रेचिंग करने के लिए आप सीधे खड़े हो जाएं और अपने गर्दन को धीरे–धीरे किसी एक तरफ झुकाएं, इस पोजीशन में गर्दन को 10 सेकंड तक रखें फिर वापस सीधे पोजीशन में आ जाएं ।अब गर्दन को दूसरे कंधे की ओर झुकाएं और 10 सेकंड तक रुकें। इस प्रक्रिया को कम से कम 10 बार दोहराएं। इस स्ट्रेचिंग को करने से गर्दन का दर्द और जकड़न कम होगी। मांसपेशियों में जमा स्ट्रेस रिलीज होगा और सिर दर्द में आराम मिलेगा। इस स्ट्रेचिंग के लिए कंधों को 10 बार धीरे–धीरे आगे की ओर घुमाएं और फिर 10 बार पीछे की ओर घुमाएं। इस स्ट्रेचिंग को 7 से 8 बार दोहराएं। इससे पीठ और कंधों के तनाव को कम किया जा सकता है। बॉडी पोस्चर को बेहतर बनाने में यह मदद करता है।




## यशस्वी जायसवाल को टीम में मिली जगह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को विदर्भ के विरुद्ध आगामी रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के लिए मुंबई टीम में शामिल किया गया है। मुंबई ने कोलकाता में खेले गए क्वार्टर फाइनल में हरियाणा को 152 रन से हराया था। सेमीफाइनल 17 फरवरी से नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम खेला जाएगा। यशस्वी जायसवाल और शिवम दुबे को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में रिजर्व के तौर पर शामिल किया गया है जो यात्रा नहीं करेंगे। वहीं पहले सेमीफाइनल में गुजरात का सामना केरल से होगा। यह टक्कर अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगी। यशस्वी को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारत की प्रारंभिक टीम में जगह मिली थी, लेकिन अंतिम सूची में उनकी जगह वरुण चक्रवर्ती को भारतीय टीम में शामिल किया गया। यशस्वी जायसवाल ने इस सत्र में एकमात्र रणजी मैच जम्मू–कश्मीर के विरुद्ध मैच खेला था, जिसमें वह चार और 26 रन ही बना सके और मुंबई को अप्रत्याशित पराजय झेलनी पड़ी।

**सेमीफाइनल के लिए मुंबई टीम**

अजिंक्य रहाणे (कप्तान), आयुष म्हात्रे, अंगकृष रघुवंशी, अमोघ भटकल, सूर्यकुमार यादव, यशस्वी जायसवाल, सिद्धेश लाड, शिवम दुबे, आकाश आनंद (विकेटकीपर), हार्दिक तामोरे (विकेटकीपर), सूर्यांश शेडगे, शार्दुल ठाकुर, शम्स मुलानी, तनुष कोटियन, मोहित अवस्थी, सिल्वेस्टर डिसूज़ा, रॉयस्टन डायस, अथर्व अंकोलेकर, हर्ष तन्ना।

# केएल राहुल को हर हाल में प्लेइंग–11 में खिलाना चाहिए

**क्रिकेट**

## केविन पीटरसन ने अपनी पसंदीदा भारतीय टीम की प्लेइंग–11 बताई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने भारत के कोच गौतम गंभीर को एक संदेश भेजा है। उन्होंने कहा कि केएल राहुल को चैंपियंस ट्रॉफी में पांचवें नंबर पर खिलाना चाहिए। गंभीर ने कहा था कि वो मध्यक्रम में बाएं और दाएं हाथ के बल्लेबाजों का संयोजन पसंद करते हैं। इसलिए राहुल के खेलने की जगह पक्की नहीं है। पीटरसन की सलाह गंभीर के इस बयान के बाद आई है। भारतीय टीम मैनेजमेंट की हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ हुई वनडे सीरीज के पहले दो मैचों में आलोचना हुई थी। राहुल की जगह अक्षर पटेल को पांचवें नंबर पर भेजा गया था। अक्षर को तो फायदा हुआ, लेकिन राहुल छठे नंबर पर जूझते दिखे। दो पारियों में वो




सिर्फ 12 रन ही बना पाए।

अहमदाबाद में हुए आखिरी मैच में राहुल अपने पुराने नंबर पर लौटे। उन्होंने 29 गेंदों में 40 रन की उपयोगी पारी खेली। भारत ने ये मैच 142 रनों से जीता। मैच के बाद पीटरसन ने स्टार स्पोर्ट्स पर गंभीर से राहुल को पांचवें नंबर पर ही रखने की अपील की। पीटरसन ने कहा, एक बात जिससे टीम खुश होगी वो है विराट कोहली का रन बनाना। रोहित ने भी रन बनाए। गिल, श्रेयस... ये एक शानदार शुरुआत है। मैं केएल राहुल को पांचवें नंबर पर चाहता हूँ क्योंकि मैं चाहता हूं कि उन्हें ज्यादा गेंदें खेलने को मिलें। राहुल को एकदिवसीय क्रिकेट में सेट होने के लिए समय चाहिए। इंग्लैंड के इस महान खिलाड़ी ने फिर 20 फरवरी को दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच के लिए अपनी भारतीय प्लेइंग इलेवन चुनी।

उन्होंने हर्षित राणा को तेज गेंदबाजी इकाई से बाहर रखा। उन्होंने अर्शदीप सिंह को दूसरे तेज गेंदबाज और कुलदीप यादव को वरुण चक्रवर्ती की जगह एकमात्र स्पेशलिस्ट स्पिनर के रूप में चुना। पीटरसन ने कहा, चक्रवर्ती बहुत अच्छे रहे हैं, लेकिन मुझे लगता है कि कुलदीप अपने प्रदर्शन और आंकड़ों के मामले में बहुत अच्छे रहे हैं। मुझे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज पसंद हैं, इसलिए अर्शदीप मेरी टीम में हैं। आपके पास तीन तेज गेंदबाज हैं। शमी, अर्शदीप और हार्दिक। फिर आपके पास जडेजा हैं।

## 5 स्टार गेंदबाज जिन्होंने नहीं डाला एक भी मेडन ओवर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। किसी भी तरह की क्रिकेट में मेडन ओवर का अहम रोल होता है। इससे बल्लेबाजी करने वाली टीम दबाव में आती है। अगर फॉर्मेट टी20 हो तो मेडन ओवर का महत्व और भी ज्यादा हो जाता है। एक भी मेडन ओवर मैच का रुख बदल सकता है। हम आपको 5 स्टार गेंदबाजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो अपने टी20 इंटरनेशनल करियर में एक भी मेडल नहीं डाल पाए। न्यूजीलैंड के लेग स्पिनर ईश सोढ़ी का टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में शानदार रिकॉर्ड है। इस दौरान एक भी मेडन नहीं डाल पाए। वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो ने भी मेडन ओवर नहीं डाले। इमरान ताहिर भी मेडन ओवर नहीं डाल पाए। साउथ अफ्रीका के ही लुंगा एनगिडी भी टी20 इंटरनेशनल करियर में मेडन ओवर नहीं डाल पाए हैं। श्रीलंका के स्पिनर महीश तीक्षाना भी इनमे से एक है।

# भारतीय क्रिकेटर्स के साथ दुबई नहीं जाएंगी उनकी पत्नियां

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया में बार्डर–गावस्कर ट्रॉफी में मिली हार के बाद बीसीसीआई ने सख्ती करते हुए भारतीय क्रिकेट टीम को लेकर नए दिशानिर्देश जारी किए थे, जिसमें से एक यह था कि अब विदेशी दौरे पर कोई क्रिकेटर अगर 150 किग्रा से ज्यादा सामान लेकर जाता है तो एयरलाइंस को किए जाने वाले अतिरिक्त वजन का भुगतान बीसीसीआई नहीं करेगा। खिलाड़ी खुद ही इसका खर्च उठाएगा।

दरअसल, एक स्टार खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 27 बैग लेकर चल रहा था। बीसीसीआई के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के दौरान एक स्टार खिलाड़ी अपने साथ 27 बैग

**■खिलाड़ी के 27 बैग के कारण बीसीसीआई को लाना पड़ा नया नियम**

और ट्राली बैग लेकर चल रहे थे। उनके सामान का कुल वजन 250 किग्रा से भी ज्यादा था। इस सामान में 17 बल्ले थे। इसमें क्रिकेटर के अलावा उनके निजी स्टाफ व परिवार के बैग भी शामिल थे। निजी स्टाफ व परिवार के बैग अलग से ले जाने होते हैं, लेकिन इन्हें इस स्टार क्रिकेटर के सामान में शामिल कराया गया जिससे बीसीसीआई उसका भुगतान करे।

भारत से ऑस्ट्रेलिया और शहर से दूसरे शहर और वापस भारत तक ये बैग बीसीसीआई के खर्चे पर एक जगह से दूसरे जगह पहुंचते रहे। हालांकि इसमें कितना खर्च हुआ, ये जानकारी बीसीसीआई अधिकारी ने नहीं दी, लेकिन फिर भी बोर्ड को लाखों में इसका भुगतान करना पड़ा होगा। केवल इतना ही नहीं, इस क्रिकेटर को देखकर बाकी खिलाड़ी भी ऐसा करने लगे थे, जिसके बाद बीसीसीआई को सख्ती दिखानी पड़ी।

बीसीसीआई ने इसके बाद यह तय किया कि अब प्रत्येक खिलाड़ी को विदेश दौरे पर 150 किग्रा सामान ही ले जाने की अनुमति होगी। इसके अतिरिक्त सामान अगर क्रिकेटर ले जाता है तो उसे ही एयरलाइंस को इसका भुगतान करना होगा। इसके साथ ही बीसीसीआई ने यह भी तय किया था कि सभी खिलाड़ी टीम बस से ही जाएंगे। इसके बाद कोलकाता में पहले टी–20 मुकाबले के लिए पहुंचीं भारतीय टीम के सभी खिलाड़ी एक ही बस से स्टेडियम और होटल गए थे।

## न्यूज डायरी




### चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम हो जाएगी मालामाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इसी महीने की 19 तारीख से पाकिस्तान और दुबई की संयुक्त मेजबानी में चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन होना है। इस बड़े टूर्नामेंट के लिए आईसीसी ने इनामी राशि का एलान कर दिया है। आईसीसी ने शुक्रवार को बताया है कि इस टूर्नामेंट की इनामी राशि 6.9 मिलियन डॉलर यानी भारतीय रुपये के अनुसार तकरीबन 60 करोड़ रुपये होगी। इसमें विजेता टीम को मिलने वाली राशि 2.4 मिलियन डॉलर यानी तकरीबन 20 करोड़ के लगभग होगी। इस टूर्नामेंट में कुल आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं और इन सभी को 125,000 अमेरिकी डॉलर मिलेंगे। देखा जाए तो ये 2017 की तुलना में काफी ज्यादा है। इस साल आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी की ईनामी राशि 53 प्रतिशत तक बढ़ा दी है। आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने कहा, आईसीसी मेंस चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट की दुनिया का एक बड़ा पल है। इस टूर्नामेंट का दोबारा आना बताया है कि वनडे में कितनी प्रतिभा है। यहां हर मैच काफी अहम है। प्राइज मनी में इजाफा बताता है कि आईसीसी इस खेल में निवेश करना और वैश्विक तौर पर अपनी साख को मजबूत करना चाहता है। टूर्नामेंट का पहला मैच 19 तारीख को पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। इसके बाद 20 फरवरी को भारत और बांग्लादेश के बीच मैच खेला जाना है।

### 22 मार्च से होगी आईपीएल के नए सीजन की शुरुआत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईपीएल 2025 का आगाज 22 मार्च से होगा। मौजूदा चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स अपने घर ईडन गार्डन्स में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ पहला मैच खेलेगी। फाइनल मैच भी 25 मई को ईडन गार्डन्स में ही होगा। आरसीबी के नए कप्तान रजत पाटीदार हैं। सनराइजर्स हैदराबाद अपना पहला मैच 23 मार्च को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने घर पर खेलेगी। बीसीसीआई ने अभी तक आधिकारिक कार्यक्रम घोषित नहीं किया है, लेकिन फ्रेंचाइजी को मुख्य मैचों की तारीखें बता दी गई हैं। इस सीजन में मैच गुवाहाटी और धर्मशाला में भी खेले जाएंगे। राजस्थान गुवाहाटी में 26 और 30 मार्च को केकेआर और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेलेगी। पंजाब किंग्स धर्मशाला में अपने कुछ घरेलू मैच खेलेगी। क्वालीफायर 1 और एलिमिनेटर हैदराबाद में जबकि क्वालीफायर 2 और फाइनल कोलकाता में होंगे। अन्य मैच अहमदाबाद, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, लखनऊ, मुल्लानपुर, दिल्ली और जयपुर में खेले जाएंगे। रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। पिछले कुछ दिनों से आईपीएल शेड्यूल का फैंस इंतजार कर रहे हैं। हालांकि बीसीसीआई ने अभी तक आधिकारिक तौर पर कार्यक्रम की घोषणा नहीं की है। लेकिन अनौपचारिक रूप से, बोर्ड ने फ्रेंचाइजी के साथ मुख्य मैचों की तारीखें साझा कर दी हैं।

### सरफराज अहमद को तो खुद टीम में जगह नहीं मिली, कर रहे हैं बड़ी–बड़ी बातें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान की मेजबानी में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की शुरुआत 19 फरवरी से हो रही है। टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान ने अपनी जबरदस्त तैयारी कर ली है। पाकिस्तान की टीम आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की डिफेंडिंग चैंपियन हैं। पाकिस्तान ने साल 2017 में सरफराज अहमद की कप्तानी में भारत को फाइनल में हराकर खिताब अपने नाम किया था। हालांकि, इस बार सरफराज को टीम में जगह नहीं मिली है। हालांकि, इसके बावजूद वह अपने साथी खिलाड़ियों का बाहर से हौसला बढ़ाने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं। सरफराज खान ने आईसीसी के साथ बात करते हुए 2017 चैंपियंस ट्रॉफी की अपनी यादों को साझा करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने सेमीफाइनल और फाइनल के लिए अपनी टीम को तैयार किया था। पाकिस्तान का सामना सेमीफाइनल में इंग्लैंड से हुआ था और टीम ने दमदार जीत हासिल करते हुए फाइनल में अपनी जगह बनाई थी, जहां उसका सामना भारतीय टीम के साथ हुआ।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने अमर जवान ज्योति पर अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि।



हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### कर्मचारियों को नियमित नहीं किया तो करेंगे आंदोलन

**संवाददाता** देहरादून। अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ दस साल की सेवा पूर्ण कर चुके कर्मचारियों को नियमित करने की मांग की है। सचिव धीरज भारती ने कहा कि नगर निगम में कई पर्यावरण मित्र बीस– बीस साल से काम कर रहे हैं। इन्हें लेकर कैबिनेट की सहमति कट ऑफ डेट पर अगली बैठक में निर्णय लिया जाना था। लेकिन अब तक कोई निर्णय नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि यदि जल्द निर्णय नहीं हुआ तो अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। इसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन, नगर निगम और शासन की होगी।

### छात्रों ने किया बजट का विश्लेषण

**संवाददाता** देहरादून। दून विश्वविद्यालय में शुक्रवार को केंद्रीय बजट पर छात्र संसद का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के एमबीए पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों ने बजट का विस्तार से विश्लेषण किया। डीन प्रो. एचसी पुरोहित ने बताया कि इस दौरान स्पीकर की भूमिका निभा रहे साहिल नेगी को अनुशासन बनाए रखने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। प्रधानमंत्री की भूमिका में सिमरन पांडे ने विकसित भारत के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए विकास के विभिन्न मानदंडों को रेखांकित किया। अमित रांगण ने भी बजट में शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर चिंता व्यक्त की।

### वेतन भुगतान के लिए रोडवेज कर्मचारियों का प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद से जुड़े कर्मचारियों ने शुक्रवार को वेतन भुगतान समेत विभिन्न मांगों को लेकर ट्रांसपोर्टनगर वर्कशॉप में प्रदर्शन कर एक घंटे का कार्य बहिष्कार किया। कर्मचारियों ने मांगें पूरी होने तक बहिष्कार जारी रखने का ऐलान किया है। आक्रोशित कर्मचारियों का कहना था कि फरवरी महीना आधा गुजर चुका है, लेकिन अभी तक जनवरी का वेतन भुगतान नहीं हो पाया।

# 38वें राष्ट्रीय खेलों का हुआ भव्य समापन

राष्ट्रीय खेल

■ राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन से उत्तराखंड में नई संभावनाओं और उम्मीदों की शुरुआतः सीएम धामी

**संवाददाता**

देहरादून। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में अन्तरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम गोलापार, हल्द्वानी में 38वें राष्ट्रीय खेल का समापन समारोह आयोजित किया गया। भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष श्रीमती पीटी. ऊषा ने 38वें राष्ट्रीय खेल के समापन की घोषणा की। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह मंत्री ने प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले सर्विसेज, महाराष्ट्र और हरियाणा को सम्मानित किया।

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने उत्तराखण्ड के चारों धामों के देवी देवताओं को प्रणाम करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री धामी ने उत्तराखंड के हर जिले में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार हो गया है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री ने देवभूमि को राष्ट्रीय खेलों के नक्शे पर



25वें स्थान से 7वें स्थान पर लाने का कार्य किया है। राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड के विजेता खिलाड़ियों ने देवभूमि को खेल भूमि बनाया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने सभी उत्तराखंड के विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों के शुभारंभ के अवसर पर हमें देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का आशीर्वाद प्राप्त हुआ था। आज इन खेलों के समापन के अवसर पर हमें देश के गृहमंत्री अमित शाह जी का सानिध्य प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष में उत्तराखंड में पहली बार राष्ट्रीय खेलों का आयोजन हुआ। खेलों के इस महा समागम में देशभर से पधारे 16 हजार से अधिक एथलीट्स ने 35 खेल विधाओं में प्रतिभाग कर कुल 448 स्वर्ण 448 रजत तथा 594 कांस्य पदक जीते। कई खिलाड़ियों द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर अनेक रिकॉर्ड स्थापित किए गए और भविष्य में भारत का प्रतिनिधित्व करने की क्षमता रखने वाले बहुत से चौंपियन भी उभर कर सामने आए हैं। इन खेलों में जहां हमने पहली बार योग और मलखंब जैसे अपने पारंपरिक खेलों को शामिल करने का कार्य किया वहीं रात्रि काल में रिवर राफ्टिंग की प्रतियोगिता का आयोजन कर विश्व रिकॉर्ड भी बनाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस राष्ट्रीय खेल में देहरादून, हरिद्वार, रुद्रपुर, हल्द्वानी और ऋषिकेश जैसे मैदानी शहरों के साथ ही अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ और टिहरी जैसे सुदूर पहाड़ी स्थानों में भी खेल स्पर्धाएं आयोजित की गई। चकरपुर जैसे एक छोटे से कस्बे में भी राष्ट्रीय खेलों की प्रमुख स्पर्धा का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय खेल में जितने भी वाटर स्पोर्ट्स के इवेंट्स हुए, सभी को उत्तराखंड की हाई एल्टिट्यूड पर स्थित झीलों एवं नदियों में आयोजित किया गया। इन खेलों के आयोजन के लिए अस्थाई निर्माण की बजाय प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर स्थाई स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने का प्रयास किया गया।

भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी. ऊषा ने कहा कि बहुत कम समय मिलने के बावजूद भी उत्तराखण्ड में राष्ट्रीय खेल की हर स्पर्धा का शानदार आयोजन हुआ। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि खिलाड़ियों ने संकल्प से शिखर तक को आत्मसात कर उत्तराखण्डियों को गर्व से अभिभूत किया।

### उत्तराखंड की मेजबानी का देशभर में गुणगान

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तराखंड की आयोजन समिति एवं खेल संगठनों की पीठ थपथपाते हुए कहा कि राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए पूरे देश में उत्तराखंड की तारीफ हो रही है। पूरा देश उत्तराखंड द्वारा की गई शानदार व्यवस्थाओं के गुणगान कर रहा है।

## राज्य सरकार की पेपरलेस रजिस्ट्री की प्रक्रिया का विरोध तेज

विरोध

■ विरोध में ऋषिकेश के अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार कर किया प्रदर्शन

**संवाददाता**

ऋषिकेश। राज्य सरकार की पेपरलेस रजिस्ट्री की प्रक्रिया का विरोध तेज हो गया है। शुक्रवार को पेपरलेस रजिस्ट्री के विरोध में ऋषिकेश के अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार कर प्रदर्शन किया। साथ ही सरकार की इस कवायद के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। वहीं कार्य बहिष्कार के चलते जमीनों की रजिस्ट्री नहीं होने से लोगों को दिक्कत झेलनी पड़ी।



शुक्रवार को बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सजवाण की अगुवाई में अधिवक्ता विधि भवन में एकत्र हुए।

उन्होंने रजिस्ट्री की पेपरलेस प्रक्रिया के विरोध में प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी भी की। इस दौरान सजवाण ने सरकार की पेपरलेस रजिस्ट्री प्रक्रिया का विरोध करते हुए कहा कि यह न तो आमजन के हित में है और न ही अधिवक्ताओं के ही हित में है। सरकार को इस तरह की किसी भी कवायद से पूर्व अधिवक्ताओं से रायशुमारी करनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। कहा कि इस तरह की प्रक्रिया को लागू किया जाता है, तो अधिवक्ता पुरजोर विरोध करेंगे। बताया कि यह एक दिनी कार्य बहिष्कार था। बावजूद, सरकार नहीं सुनती है तो अधिवक्ता आंदोलन को बाध्य होंगे।

प्रदर्शनकारियों में बार एसोसिएशन के महासचिव शैलेंद्र सेमवाल, कमलेश कुमार, अंजू, प्रदीप ठाकुर, पीडी त्यागी, राम अवतार, खुशहाल सिंह कलूड़ा, प्रदीप वर्मा, सूरत सिंह रौतेला, रोहित गुप्ता, डीडी कुलियाल, स्वरूप सिंह खरोला, राजेश मोहन, दीपक लोहानी, नरेंद्र रांगड़, अनिल भंडारी, संदीप पयाल, राजेश अग्रवाल, सुनील, मुकेश शर्मा, अमित अग्रवाल आदि अधिवक्ता शामिल रहे।

### दून अस्पताल में सफाई कर्मियों के वेतन का रास्ता निकला

**संवाददाता** देहरादून। दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सफाई कर्मचारियों के अटके वेतन को जारी करने का रास्ता निकल गया है। निदेशक डॉ. आशुतोष सयाना ने शुक्रवार को निदेशालय में इसे लेकर अफसरों के साथ बैठक की। इसमें तय हुआ कि सफाई कर्मचारियों दिसंबर तक का वेतन टेंडर की तय शर्तों के अनुसार दे दिया जाए। बैठक में अपर निदेशक डॉ. आरएस बिष्ट, प्राचार्य डॉक्टर गीता जैन ने सफाई कर्मचारियों के वेतन की पूरी जानकारी रखी। वित्त नियंत्रक भी इस बैठक में मौजूद थे। तय किया गया कि कॉलेज के मजदूर मद से पूर्व में हुए टेंडर के हिसाब से सफाई कर्मचारियों का दिसंबर महीने का वेतन दे दिय जाए। साथ ही शासन में जो एक अन्य प्रस्ताव भेजा गया है, उस प्रस्ताव के हिसाब से अगले महीनों को वेतन दिया जाएगा। इसमें 25 फरवरी को शासन स्तर पर बैठक होनी है।

### पुलिस की कार्रवाई पर उठाए सवाल

**संवाददाता** देहरादून। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के प्रदेश अध्यक्ष सेठपाल सिंह ने शुक्रवार को प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पार्टी का कार्यालय कंडोली में स्थित है। यहां कार्यकर्ताओं के लिए एक रेस्टोरेंट खोला गया है। उनका आरोप है कि पुलिस के स्तर से शराब पिलाने की बात कहकर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि गुरुवार को रुड़की से संगठन मंत्री के साथ दो कार्यकर्ता आए थे।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।